भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

20.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 562 का उत्तर

रेलगाड़ियों का ठहराव

562. डा. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार महाराष्ट्र के सोलापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अक्कलकोट रेलवे स्टेशन पर हुसैन सागर एक्सप्रेस, बीकानेर एक्सप्रेस, सिकंदराबाद-हुबली एक्सप्रेस को ठहराव देने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में सेंट्रल रेलवे, मुम्बई के जनरल मैनेजर को उक्त अक्कलकोट रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने के लिए डिविजन रेलवे मैनेजर, सोलापुर को लिखने के लिए एक पत्र भेजा गया है;

(ग) यदि हां, तो इस पत्र पर जनरल मैनेजर द्वारा लिए गए निर्णय का ब्यौरा क्या है; और

(घ) अक्कलकोट रेलवे स्टेशन पर उक्त रेलगाड़ियों को ठहराव कब तक दिया जाएगा?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): माननीय संसद सदस्य द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ अक्कलकोट रोड पर अतिरिक्त गाड़ियों का ठहराव देने के लिए अनुरोध किया गया है। इसकी जांच की गई लेकिन, इस समय, इसे परिचालनिक और वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य नहीं पाया गया है। इस समय, अक्कलकोट रोड पर 9 गाड़ियां ठहरती हैं। ये गाड़ियां इस स्टेशन के यात्रियों की जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरा कर रही हैं।

****